एचएयू में सीड प्रोसेसिंग प्लांट का उद्घाटन

चर्चा में क्यों?

4 अप्रैल, 2022 को चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. कांबोज ने विश्वविद्यालय के फार्म निदेशालय में 84 लाख रुपए की लागत से बने **सीड प्रोसेसिंग प्लांट व कंट्रोल रूम** का उद्घाटन किया।

प्रमुख बिंदु

- इस नए प्लांट की मदद से विश्वविद्यालय **कम समय में अधिक एवं गुणवत्तापूर्ण बीज़** किसानों को मुहैया करवाएगा।
- यह सीड प्रोसेसिंग **प्लांट अत्यंत आधुनिक व स्वचालित** है, जिसकी **क्षमता 40 क्विंटल प्रति घंटा** है। पहले से लगे सीड प्रोसेसिंग प्लांट की क्षमता 20 क्विंटल प्रति घंटा थी।
- यह प्लांट डस्ट एस्पीरेशन सिस्टम से युक्त होने के कारण सीड प्रोसेसिंग के दौरान सीड प्रोसेसिंग हॉल में धूल-मिट्टी नहीं होती और प्लांट पर कार्य करने वाले व्यक्ति श्वास संबंधी घातक बीमारियों से बचे रहते हैं।
- इस सीड प्रोसेसिंग प्लांट में **मुख्यत: गेहूँ, जौ, सरसों, चना, मूंग, ग्वार, बाज़रा इत्यादि** फसलों के बीज़ तैयार होंगे।
- यह प्लांट **हरियाणा स्टेट सीड सर्टिफिकेशन एजेंसी (एच.एस.एस.सी.ए) से प्रमाणित** है।
- अनुसंधान निदेशक डॉ. जीतराम शर्मा ने बताया कि हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय किसानों को रबी व खरीफ की विभिन्न फसलों के उच्च गुणवत्ता के बीज उपलब्ध करवा रहा है। केवल फार्म निदेशालय में ही हर साल करीब 10 हज़ार क्विंटल बीज़ तैयार किया जाता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/seed-processing-plant-inaugurated-at-hau